Regarding need to expedite construction of Maheshkunt ? Saharsa ? Purnia Highway (NH-107) and other incomplete projects ? laid

श्री दिनेश चन्द्र यादव **(**मधेपुरा**):** बिहार राज्य के NH-107 महेशखूँट-सहरसा-पूर्णियाँ पथ का निर्माण कार्य वर्ष-2018 में शुरू हुआ था । एजेन्सी को दो साल में कार्य पूर्ण करना था, लेकिन धीमी गति से कार्य चलने के कारण लगता है कि कार्य पूर्ण होने में कई साल और लगेगा। मुख्यालय द्वारा समीक्षा में कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि 2022 फिर वर्ष-2023 तय की गयी । सोनवर्षा राज एवं बैजनाथपुर अन्डर-पास पुल का निर्माण दो साल पूर्व करा दिया गया है, लेकिन अब तक एप्रोच का कार्य शुरू नहीं किया गया है। सिमरी-बख्तियारपुर, सहरसा (सर्वाढ़ाला) एवं मिठाई में ROB निर्माण शुरू नहीं किया गया है। सिमरी-बख्तियारपुर सोनवर्षा राज, सहरसा एवं मिठाई में बाईपास में आंशिक कार्य कर छोड़ दिया गया है। पथ निर्माण नहीं होने से आम लोग परेशान है।

अतः माननीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय से आग्रह है कि कार्य में शिथिलता बरतने वाले एजेन्सी पर कार्यवाही करते हुए जनहित में उक्त पथ का निर्माण शीघ्र पूरा करा दें।